Total No. of Printed Pages – 12

# ACOME19

## PAPER / पत्र – I

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY

# वाणिज्यशास्त्र एवं लेखा विधि

## SUBJECT CODE / विषय कोड : 03

**Full Marks : 200**
**पूर्णांक : 200**

**Time : 3 Hours**
**समय : 3 घण्टे**

***Instructions :***

(i) *There are total **10** questions in **two** sections printed both in Hindi and English.*

(ii) *Answer **5** questions, selecting at least **two** from each section.*

(iii) ***All** questions carry equal marks. Marks are given against each of the question.*

***निर्देश :***

(i) *दो खण्डों में कुल **10** प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में छपे हैं ।*

(ii) *प्रत्येक खण्ड से कम से कम **2** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

(iii) ***सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित है ।*

### SECTION – A
### खण्ड – अ

1. (a) Following are the Balance Sheet of Y Ltd. and Z Ltd. as on 31st March, 2020 : **(15)**

| **Particulars** | **Y Ltd (₹)** | **Z Ltd (₹)** |
|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities : | | |
| Shareholders' Fund : Equity shares of ₹ 100 each | 50,00,000 | 30,00,000 |
| Reserve and Surplus : | 10,00,000 | 5,50,000 |
| Current liabilities : | | |
| Trade payables | 15,00,000 | 9,50,000 |
| | **75,00,000** | **45,00,000** |
| II. Assets : | | |
| Sundry Assets | 75,00,000 | 35,00,000 |
| 10,000 Shares in Y Ltd. | | 10,00,000 |
| | **75,00,000** | **45,00,000** |

Marks
अंक

Y Ltd. absorbed Z Ltd. on the basis of intrinsic value of the shares. The purchase consideration is to be discharged in the form of fully paid-up equity shares, entries to be made as per face value only. A sum of ₹ 2,00,000 is owed by Y Ltd. to Z Ltd. Also included in stock of Z Ltd. is ₹ 3,00,000, goods supplied by Y Ltd. at cost plus 20%.

Give Journal Entries in the books of both companies. Prepare Balance Sheet of Y Ltd. soon after absorption.

31 मार्च, 2020 को 'वाई लि.' और 'जेड लि.' के चिट्ठे निम्न प्रकार थे :

| विवरण | वाई लि. (₹) | जेड लि. (₹) |
|---|---|---|
| I. समता एवं दायित्व : | | |
| अंशधारी कोष : समता अंश ₹ 100 प्रत्येक | 50,00,000 | 30,00,000 |
| संचय एवं आधिक्य | 10,00,000 | 5,50,000 |
| चालू दायित्व : | | |
| व्यापारिक देयताएँ | 15,00,000 | 9,50,000 |
| | **75,00,000** | **45,00,000** |
| II. सम्पत्तियाँ : | | |
| विविध सम्पत्तियाँ | 75,00,000 | 35,00,000 |
| वाई लि. में 10,000 अंश | | 10,00,000 |
| | **75,00,000** | **45,00,000** |

वाई लि. ने अंशों के आन्तरिक मूल्य के आधार पर जेड लि. का संविलयन किया । क्रय मूल्य का भुगतान पूर्णदत्त समता अंशों द्वारा किया जाना है तथा प्रविष्टियाँ केवल सममूल्य पर की जानी है । ₹ 2,00,000 की एक राशि वाई लि. द्वारा जेड लि. को देय है । जेड लि. के रहतिये में भी ₹ 3,00,000 का एक ऐसा माल शामिल है जो कि वाई लि. द्वारा लागत में 20% जोड़कर बेचा गया था ।

दोनों कम्पनियों की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए । संविलयन के तुरन्त बाद वाई लि. का चिट्ठा बनाइये ।

Marks
अंक

(b) The following information relates to the business of a partnership firm : **(15)**

(i) Average capital employed in the business ₹ 6,20,000.

(ii) Net trading profits of the firm for the past three years (after tax) were ₹ 1,07,600, ₹ 90,700 and ₹ 1,12,500.

(iii) Reasonable return expected in the same type of business is 10%.

(iv) Fair remuneration to the partners for their services is ₹ 13,600 per annum not charged to Profit and Loss a/c so far.

Calculate the value of Goodwill :

(a) On the basis of five years' purchase of the annual average super-profit.

(b) On the basis of capitalization of the 10% annual average super-profit.

(c) On the basis of an annuity of super-profit, taking the present value of annuity of ₹ 1 for 5 years at 10% p.a. interest is ₹ 3.78.

निम्न सूचना एक साझेदारी फर्म के व्यवसाय से सम्बन्धित है :

(i) व्यवसाय में लगी हुई औसत पूँजी ₹ 6,20,000.

(ii) गत तीन वर्षों के फर्म के शुद्ध व्यापारिक लाभ (कर के बाद) थे : ₹ 1,07,600, ₹ 90,700 तथा ₹ 1,12,500.

(iii) उसी प्रकार के व्यापार में लाभ की उचित दर 10% है ।

(iv) साझेदारों की सेवाओं के लिए उचित पारिश्रमिक ₹ 13,600 वार्षिक है जो अभी तक लाभ-हानि खाते में समायोजित नहीं किया गया है ।

ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए :

(a) वार्षिक औसत अधिलाभों के पाँच गुने क्रय के आधार पर

(b) वार्षिक औसत अधिलाभ के 10% प्रति वर्ष के उचित दर पर पूँजीकरण करने के आधार पर

(c) अधिलाभों के वार्षिक वृत्ति के आधार पर, 10% प्रति वर्ष ब्याज की दर पर पाँच वर्षों के लिए ₹ 1 वार्षिक वृत्ति का वर्तमान मूल्य ₹ 3.78 माना जाय ।

(c) What do you mean by amalgamation in the nature of merger and nature of purchase ? What is the difference between the two ? **(10)**

विलय के स्वभाव और क्रय के स्वभाव के एकीकरण से आप क्या समझते हैं ? इन दोनों में क्या अन्तर है ?

Marks
अंक

2. (a) Mr. Dilip owns a big house, the construction of which was completed in May, 2016. 50% of the floor area is let out for residential purposes on a monthly rent of ₹ 3,200. However, this portion remained vacant for one month during 2019-20. 25% of floor area is used by the owner for purpose of his profession, while the remaining 25% of the floor is utilized for the purpose of his residence. Other particulars of the house are as follows : (15)

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Municipal valuation | 75,000 |
| (ii) | Standard rent | 90,000 |
| (iii) | Municipal taxes paid | 12,000 |
| (iv) | Repairs | 3,000 |
| (v) | Interest on capital borrowed for repairs | 28,000 |

Compute the taxable income from house property for the Assessment Year 2020-21.

श्री दिलीप एक बड़े मकान का स्वामी है जिसका निर्माण कार्य मई, 2016 में पूरा हुआ था । मकान के क्षेत्रफल का 50% भाग ₹ 3,200 मासिक किराये पर रहने के लिए दे दिया गया है । 2019-20 में यह भाग एक माह के लिए खाली पड़ा रहा । मकान के क्षेत्रफल का 25% मकान के स्वामी द्वारा अपने पेशे के लिए प्रयोग किया जा रहा है तथा क्षेत्रफल का शेष 25% भाग उसके अपने निवास के लिए प्रयोग हो रहा है । मकान के सम्बन्ध में अन्य विवरण निम्न प्रकार हैं :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | नगरपालिका मूल्यांकन | 75,000 |
| (ii) | मानक किराया | 90,000 |
| (iii) | नगरपालिका कर चुकाया | 12,000 |
| (iv) | मरम्मत | 3,000 |
| (v) | मरम्मत के लिए ऋण पर ब्याज | 28,000 |

कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए मकान सम्पत्ति से कर-योग्य आय की गणना कीजिए ।

Marks
अंक

(b) Mr. Anupam Agarwal estimates his current income for the financial year 2020-21 as follows : (15)

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Taxable income from business | 11,05,000 |
| (ii) | Income from other sources | 65,000 |

He has taken a life insurance policy on his own life and of which annual premium is ₹ 76,000. He is eligible for deduction u/s 80 D ₹ 4,000.

Calculate advance tax and find out amount to be deposited on different dates assuming that the deduction at source on an income of Mr. Anupam Agarwal is ₹ 3,080.

श्री अनुपम अग्रवाल की वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए चालू आय का अनुमान निम्नांकित है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | व्यवसाय से कर-योग्य आय | 11,05,000 |
| (ii) | अन्य साधनों से आय | 65,000 |

उसने अपने जीवन पर एक जीवन बीमा पॉलिसी ले रखी है, जिसका वार्षिक प्रीमियम ₹ 76,000 है । वह धारा 80 D के अन्तर्गत ₹ 4,000 कटौती का पात्र है ।

अग्रिम कर की गणना कीजिए एवं विभिन्न देय तिथियों पर जमा की जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए, यदि श्री अनुपम अग्रवाल की एक आय में उद्गम स्थान पर कर ₹ 3,080 काटा गया है ।

(c) What are the items that included in the term 'Perquisites' and are taxable under the Income Tax Act, 1961 ? (10)

आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत कौन से मद 'अनुलाभों' में जोड़े जाते हैं और कर योग्य हैं ?

3. (a) Shyam Co. Ltd. furnishes you the following information to the half-year 30th June, 2020. (15)

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Fixed Expenses | 90,000 |
| (ii) | Sales | 3,00,000 |
| (iii) | Profit | 60,000 |

Marks
अंक

During second-half of the year, the company has projected a loss of ₹ 20,000. Calculate :

(i) Break-even point and Margin of Safety for the six month ending 30th June, 2020.

(ii) Expected sales for second-half of the year assuming the p/v ratio and fixed expenses as unchanged.

(iii) Break-even point and Margin of Safety for the whole year 2020.

30 जून, 2020 के आधे वर्ष के लिए श्याम कम्पनी लि. ने आपको निम्न सूचना दी है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | स्थिर व्यय | 90,000 |
| (ii) | बिक्री | 3,00,000 |
| (iii) | लाभ | 60,000 |

वर्ष के दूसरे आधे में कम्पनी ने ₹ 20,000 की हानि प्रक्षेपित की है । गणना कीजिए :

(i) 30 जून, 2020 को समाप्त होने वाले आधे वर्ष के लिए उत्पादन सीमा-स्तर बिन्दु तथा सुरक्षा-उपान्त

(ii) लाभ-मात्रा अनुपात व स्थिर व्यय अपरिवर्तित मानते हुए वर्ष के दूसरे आधे के लिए अनुमानित विक्रय राशि

(iii) 2020 के पूरे वर्ष के लिए उत्पादन सीमा-स्तर बिन्दु व सुरक्षा-उपान्त

(b) The expenses budgeted for the production of 10,000 units in a factory are furnished below : (15)

| | Per Unit<br>₹ |
|---|---|
| Materials | 70 |
| Labour | 25 |
| Variable overheads | 20 |
| Fixed overhead (₹ 1,00,000) | 10 |
| Direct variable expenses | 5 |
| Selling expenses (10% fixed) | 13 |
| Administrative expenses (₹ 50,000) | 5 |
| Distribution expenses (20% fixed) | 7 |
| **Total** | 155 |

Prepare a budget for the production of 6,000 units and 8,000 units. Assume that administrative expenses are rigid for all levels of production.

Marks
अंक

एक कारखाने में 10,000 इकाइयों के उत्पादन के लिए बजटेड व्यय नीचे दिये गये हैं :

| | प्रति इकाई (₹) |
|---|---|
| सामग्री | 70 |
| श्रम | 25 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय | 20 |
| स्थिर उपरिव्यय (₹ 1,00,000) | 10 |
| प्रत्यक्ष परिवर्तनशील व्यय | 5 |
| विक्रय व्यय (10% स्थिर) | 13 |
| प्रशासनिक व्यय (₹ 50,000) | 5 |
| वितरण व्यय (20% स्थिर) | 7 |
| कुल | 155 |

6,000 इकाइयों व 8,000 इकाइयों के उत्पादन के लिए बजट तैयार कीजिए । मान लीजिए कि प्रशासनिक व्यय उत्पादन के सभी स्तर के लिए स्थिर है ।

(c) What do you understand by cost reconciliation statement ? Discuss the causes of difference between costing profits and financial profits. **(10)**
लागत समाधान विवरण से आप क्या समझते हैं ? लागत लेखों द्वारा दिखाये गये लाभ तथा वित्तीय लेखों द्वारा बताये गये लाभों में अन्तर के कारणों को बताइये ।

4. (a) Explain the provisions of the Companies Act, 2013 regarding the appointment, remuneration and termination of the services of an auditor of limited liability company. **(15)**
सीमित दायित्व वाली कम्पनियों के अंकेक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक तथा सेवाओं की समाप्ति के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए ।

(b) What do you understand by Verification ? Distinguish clearly between verification and valuation and explain the objectives of Verification. **(15)**
सत्यापन से आप क्या समझते हैं ? सत्यापन एवं मूल्यांकन में अन्तर स्पष्ट कीजिए तथा सत्यापन के उद्देश्य बताइये ।

(c) What is Auditor's Report ? What is the difference between a clean report and qualified report ? Give imaginary specimen of clean report. **(10)**
अंकेक्षण प्रतिवेदन क्या है ? स्वच्छ एवं मर्यादित प्रतिवेदन में क्या अन्तर है ? एक काल्पनिक स्वच्छ प्रतिवेदन का नमूना दीजिए ।

P.T.O.

Marks
अंक

5. (a) The Balance Sheet of H Ltd. and S Ltd. as on 31st March, 2020 were as under : (15)

| Particulars | H Ltd. ₹ | S Ltd. ₹ |
|---|---|---|
| I. Equity and Liabilities : | | |
| Share Capital : Shares of ₹ 100 each. | 20,00,000 | 5,00,000 |
| Reserve and Surplus : | | |
| General Reserve | 3,00,000 | 1,00,000 |
| Statement of profit and loss : | | |
| Balance on 1.4.2019 | 4,00,000 | 2,00,000 |
| Profit for 2019-20 | 5,00,000 | 2,50,000 |
| Current Liabilities : | | |
| Trade Payables : | | |
| Creditors | 5,00,000 | 3,00,000 |
| Bills payable | 1,50,000 | — |
| | **38,50,000** | **13,50,000** |
| II. Assets : | | |
| Non-current Assets : | | |
| Tangible assets : | | |
| Land & Building | 6,00,000 | — |
| Plant & Machinery | 20,00,000 | — |
| 300 shares in S Ltd. at cost | 6,50,000 | — |
| Current Assets : | | |
| Inventories | 4,00,000 | 8,50,000 |
| Trade Receivables : | | |
| Debtors | 1,00,000 | 3,00,000 |
| Bills receivables | — | 1,00,000 |
| Cash & cash equivalents | 1,00,000 | 1,00,000 |
| | **38,50,000** | **13,50,000** |

Shares were acquired by H Ltd. on 1st Oct. 2019. Bills receivables held by S Ltd. are accepted by H Ltd. Included in the debtors of S Ltd. is ₹ 60,000 owing by H Ltd. in respect of goods supplied.

Prepare Consolidated Balance Sheet assuming that the reserve of S Ltd. is for the pre-acquisition period.

Marks
अंक

H लिमिटेड और S लिमिटेड का 31 मार्च, 2020 का चिट्ठा निम्नांकित था :

| विवरण | H लि. ₹ | S लि. ₹ |
|---|---|---|
| I. समता एवं दायित्व : | | |
| अंश पूँजी प्रत्येक ₹ 100 वाले अंशों में | 20,00,000 | 5,00,000 |
| संचय एवं आधिक्य : | | |
| सामान्य संचय | 3,00,000 | 1,00,000 |
| लाभ/हानि विवरण : | | |
| 1.4.2019 को बाकी | 4,00,000 | 2,00,000 |
| 2019-20 के लाभ | 5,00,000 | 2,50,000 |
| चालू दायित्व : | | |
| व्यापारिक देयताएँ : | | |
| लेनदार | 5,00,000 | 3,00,000 |
| देय विपत्र | 1,50,000 | — |
| | **38,50,000** | **13,50,000** |
| II. सम्पत्तियाँ : | | |
| गैर-चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| मूर्त सम्पत्तियाँ : | | |
| भूमि-भवन | 6,00,000 | — |
| कल व यंत्र | 20,00,000 | — |
| S लि. में 300 अंश लागत पर | 6,50,000 | — |
| चालू सम्पत्तियाँ : | | |
| रहतिया | 4,00,000 | 8,50,000 |
| व्यापारिक प्राप्य : | | |
| देनदार | 1,00,000 | 3,00,000 |
| प्राप्य विपत्र | — | 1,00,000 |
| रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य | 1,00,000 | 1,00,000 |
| | **38,50,000** | **13,50,000** |

1 अक्टूबर, 2019 को H लिमिटेड ने अंश प्राप्त किए । S लिमिटेड के पास जो विपत्र हैं वे सब H लिमिटेड द्वारा स्वीकार किये गये हैं । S लिमिटेड के देनदारों में ₹ 60,000 H लिमिटेड द्वारा देय शामिल है क्योंकि उन्हें माल भेजा गया था ।

मिश्रित चिट्ठा बनाइये यह मानते हुए कि S लिमिटेड का सम्पूर्ण संचय अंश क्रय करने के पूर्व का है ।

Marks
अंक

(b) What points will receive your attention, while auditing the accounts of a Banking Company ? (15)
बैंकिंग कम्पनी के खातों का अंकेक्षण करते समय आप किन-किन बातों पर ध्यान देंगे ?

(c) Explain the powers and functions of Assessing Officer under Income Tax Act, 1961. (10)
आयकर अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अन्तर्गत कर-निर्धारण अधिकारी के अधिकारों व कार्यों का उल्लेख कीजिए ।

## SECTION – B
## खण्ड – B

6. (a) Explain the concept and scope of financial management. What role should the financial manager play in a modern business enterprise ? (15)
वित्तीय प्रबन्ध की अवधारणा एवं क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए । आधुनिक व्यापारिक उद्यम में वित्तीय प्रबन्धक को क्या भूमिका अदा करनी चाहिए ?

(b) What do you mean by Capital Budgeting ? Discuss the objectives and importance of capital budgeting. (15)
पूँजी बजटन से आप क्या समझते हैं ? पूँजी बजटन के उद्देश्य एवं महत्त्व को समझाइये ।

(c) Elucidate the Modigiliani approach to the problem of optimum capital structure. (10)
अनुकूलतम पूँजी संरचना की समस्या के सम्बन्ध में मोदीग्लियानी उपागम को समझाइये ।

7. (a) Elucidate and illustrate the James E. Walter approach to dividend policy. (15)
लाभांश नीति के सम्बन्ध में जेम्स ई. वाल्टर के दृष्टिकोण को उदाहरण सहित समझाइये ।

(b) What is Cheque ? Discuss the difference between Cheque and Bill of Exchange. (15)
चेक क्या है ? चेक तथा विनिमय विपत्र में अन्तर बताइये ।

(c) Discuss the privileges of a holder-in-due course under Negotiable Instruments Act. (10)
विनिमय विलेख अधिनियम के अधीन यथाविधिधारी के विशेष अधिकारों की विवेचना कीजिए ।

**Marks**
**अंक**

8. (a) The Directors of a Domestic company, whose capital is ₹ 1 crore all in equity shares, proposes to expand its business for which an additional investment of ₹ 50 lakhs would be needed. The entire money can be raised either by issue of equity shares or by issue of 10% debentures. They decide in favour of issue of equity shares. **(15)**

As a finance manager do you approve the proposal ? Assume that rate of return is 20% and rate of corporate tax is 30%.

एक घरेलू कम्पनी जिसकी समता अंश पूँजी ₹ एक करोड़ है, के संचालकों ने कम्पनी के व्यवसाय को बढ़ाने का विचार किया । इसके लिए ₹ पचास लाख अतिरिक्त पूँजी की आवश्यकता होगी । सम्पूर्ण राशि समता अंशों के निर्गमन अथवा 10% ऋणपत्रों के निर्गमन द्वारा प्राप्त की जा सकती है । उन्होंने इस राशि के लिए समता अंश जारी करने का निर्णय लिया ।

एक वित्तीय प्रबन्धक के रूप में क्या आप इस निर्णय से सहमत हैं ? यह मानते हुए कि पूँजी पर प्रत्याय की दर 20% तथा निगम कर की दर 30% है ।

(b) Discuss the achievements of Regional Rural Banks. Explain the main problems being faced by regional rural banks. What steps will you suggest for their improvement ? **(15)**

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की उपलब्धियों की विवेचना कीजिए । क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के सामने आने वाली मुख्य समस्याएँ स्पष्ट कीजिए । इसके सुधार हेतु आप क्या सुझाव देंगे ?

(c) Explain the major constituents of Indian Capital Market. **(10)**

भारतीय पूँजी बाजार के प्रमुख अंगों का वर्णन कीजिए ।

9. (a) Discuss the organization and deficiencies of Indian Money Market. **(15)**

भारतीय मुद्रा बाजार के संगठन तथा दोषों का वर्णन कीजिए ।

(b) What is Cash-Flow Statement ? What are the sources and application of cash. **(15)**

रोकड़ प्रवाह विवरण क्या है ? रोकड़ के कौन–कौन से स्रोत एवं उपयोग हैं ?

(c) Critically examine the monetary policy of Reserve Bank of India. **(10)**

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए ।

Marks
अंक

10. (a) Explain the investment policy of Life Insurance Corporation of India. (15)

भारतीय जीवन बीमा निगम की विनियोग नीति की विवेचना कीजिए ।

(b) Explain the powers, functions and achievements of Securities and Exchange Board of India. (15)

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के अधिकारों, कार्यों तथा उपलब्धियों को समझाइये ।

(c) Discuss the provisions of penalties for dishonor of a cheque for the insufficiency of funds in the account. (10)

खातों में अपर्याप्त धन होने पर चैक के अप्रतिष्ठित होने पर दण्ड सम्बन्धी प्रावधानों का वर्णन कीजिए ।